आईआईएफसीएल ने 10 सितंबर 2026 को परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं पर राष्ट्रीय नीति संवाद आयोजित किया

परमाणु ऊर्जा के भविष्य का मार्ग प्रशस्त करना: निवेश,वित्तपोषण और बैंकिंग-योग्यता को सक्षम बनाना

इंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनैन्स कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) द्वारा द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (टेरी) के ज्ञान सहयोग से मुंबई में राष्ट्रीय नीति संवाद का आयोजन किया गया। इस संवाद में वरिष्ठ नीति-निर्माताओं, वित्तीय संस्थानों, परमाणु क्षेत्र के विशेषज्ञों, परियोजना विकासकर्ताओं तथा उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधियों ने सहभागिता की और भारत में परमाणु ऊर्जा के भविष्य पर विचार-विमर्श किया।

कार्यक्रम में न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) के पूर्व अंतरिम अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री एस. ए. भारद्वाज ने मुख्य वक्तव्य दिया। द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (टेरी) के प्रतिष्ठित फेलो एमेरिटस श्री के. रामनाथन ने विशेष संबोधन किया। इसके अतिरिक्त, इंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनैन्स कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) के प्रबंध निदेशक श्री रोहित ऋषि, उप प्रबंध निदेशक श्री पलाश श्रीवास्तव तथा वित्तीय सेवा विभाग, वित्त मंत्रालय के संयुक्त सचिव श्री मनोज एम. अय्यप्पन ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इसके अलावा,पिट्सबर्ग विश्वविद्यालय के व्यवसाय विद्यालय के प्रो. रवि माधवन,परमाणु ऊर्जा विभाग के संयुक्त सचिव श्री अनीश कुमार तथा परमाणु ऊर्जा विभाग के संयुक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार श्री संदीप राज, आई.आर.एस. ने भी उपस्थित प्रतिभागियों के साथ अपने विचार एवं विशेषज्ञता साझा की।

संवाद के दौरान तीन प्रमुख सत्रों में विचार-विमर्श किया गया:

- विकासकर्ताओं का दृष्टिकोण – परमाणु ऊर्जा में निवेश को सक्षम बनाना
- परमाणु ऊर्जा का वित्तपोषण – वित्तीय संस्थानों का दृष्टिकोण
- परमाणु ऊर्जा को बैंकिंग-योग्य बनाना – परियोजनाओं की संरचना, क्षमता निर्माण, विनियमन एवं हितधारकों की सहभागिता

इस राष्ट्रीय नीति संवाद ने सरकार, उद्योग और वित्तीय क्षेत्र से जुड़े विभिन्न हितधारकों को अपने विचार एवं दृष्टिकोण साझा करने तथा भारत के परमाणु ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ करने की दिशा में अधिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया।


EXIT
आई आई एफ सी एल
I I F C L
National Policy Dialogue on
UNLOCKING THE FUTURE
OF NUCLEAR POWER
Enabling Investment,
Financing and Bankability


आई आई एफ सी एल
I F C L


National Policy Dialogue on
UNLOCKING THE FUTURE OF NUCLEAR POWER
Enabling Investment, Financing and Bankability
Session III: Making Nuclear Bankable: Structuring Projects, Capacity Building, Regulation and Stakeholder Engagement
Knowledge Partner
TERI
THE ENERGY AND RESOURCES INSTITUTE
National Policy Dialogue on
UNLOCKING THE FUTURE OF NUCLEAR POWER
Enabling Investment, Financing and Bankability
September 10, 2026 | Mumbai